# PUBLICATION

## एक्सप्रेस खबर

# केन्द्रीय विद्यालय के-एरिया ने उत्साह के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया






**खबरी प्रशाद, जीरकपुर ( संदीप सिंह बावा )।** केन्द्रीय विद्यालय के–एरिया, जीरकपुर में हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों के बीच शारीरिक फिटनेस और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई खेल आयोजन और गतिविधियां आयोजित की गई। केंद्रीय विद्यालय के एरिया जीरकपुर की प्राचार्य महोदया पुष्पा शर्मा के निर्देशन एवं खेल शिक्षक अनूप साहा और योग शिक्षिका ज्योति के मार्गदर्शन में, स्कूल ने कई गतिविधियों का आयोजन किया,जिनमें भव्य मार्च पास, फिटनेस शपथ, शतरंज, कबड्डी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, नींबू चम्मच दौड़, पुस्तक संतुलन ,रस्साकशी प्लैंक होल्ड ,आदि शामिल थे।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य महोदया श्रीमती पुष्पा शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें खेलों को अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ ।प्राचार्य महोदया पुष्पा शर्मा ने विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी और उन्हें खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम एक सफलता थी जिसने स्कूल समुदाय को राष्ट्रीय खेल दिवस की सच्ची भावना में एक साथ लाया तथा छात्रों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा, टीम वर्क और खेल भावना को बढ़ावा दिया।

# PM Shri Kendriya Vidyalaya celebrates National Space Day through activities

**ZIRAKPUR:** National Space Day 2024 was celebrated at PM Shri Kendriya Vidyalaya, K-Area, on the theme 'Touching lives while touching the moon: India's space saga' under the guidance of Pushpa Sharma, the principal, on the successful landing of Chandrayan-3 on the South Pole of the moon last year on August 23.



PM Shri Kendriya Vidyalaya students participating in the programme.

Various activities like poster making, model making, speech, quiz, and skit were conducted by the students of PM Shri Kendriya Vidyalaya.

Rachna Kataria, PGT physics, briefly explained the history and importance of National Space Day.

A speech was given by Priyanshi of Class 12-A, a quiz was conducted by Vishwani and Ramanpreet of Class 11-A, and a short skit on topic of physics was presented by Aarshi Rai, Anshika Rai, Manpreet, and Pratyaksh from Class 12-A.

Jyoti Tripathi, PGT biology, explained the career opportunities in space and technology and motivated the students to actively take part in science activities.

The programme concluded with the blessings from the senior-most PGT economics, Satyaprakash.

The science teachers actively participated in the National Space Day programme.

# Teachers' day celebration at PM Shri KV K-Area Zirakpur



VICKY BHABAT
ZIRAKPUR, SEPT 5

PM SHRI KV K-AREA ZIRAKPUR celebrated Teachers Day with great enthusiasm and fervor, showcasing the students' appreciation and respect for their teachers through handmade greeting cards. The day began with a morning assembly, seeking blessings from the almighty, managed by two dynamic students, Miss Pooja Yadav and Master Pratyaksh Dhankhar of Class IX.

The celebration featured various activities, including lighting of lamps, offered gratitude to the picture of Dr. Sarvepalli Radhakrishnan, a patriotic song presentation by Bharat Scouts and Guides students, poem recitations by Primary wing student, Miss Sukhmani of class 5 & Ms. Jyoti Mann PRT and a speech by Secondary wing student, Master Tejas Sonar of class 12. Principal Mrs. Pushpa Sharma graced the occasion, blessing the children on this auspicious day. Pupil teachers, representing Principal Madam, felicitated her along with all teaching and non-teaching staff members.

Principal Mrs. Pushpa Sharma presented prizes to teachers under seven categories.



# केंद्रीय विद्यालय में रूपांतरण कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला हुई आयोजित





जीरकपुर, अखंड लोक, संदीप सिंह बावा

दो दिवसीय रूपांतर कार्यक्रम प्रशिक्षण शिविर केंद्रीय विद्यालय के एरिया जीरकपुर में रूपांतरण कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय कार्यशाला प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय के एरिया जीरकपुर पुष्पा शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के एरिया जीरकपुर की मुख्य अध्यापिका सीमा चौधरी, विदुषी भारद्वाज, शिक्षण शास्त्र प्रशिक्षक सृष्टि शर्मा, क्रियान्वयन प्रशिक्षक औरोबिंदो सोसायटी तथा विभिन्न विद्यालयों से आए हुए अध्यापक शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यशाला की निर्देशिका प्राचार्य पुष्पा शर्मा ने शिक्षकों के निरंतर प्रशिक्षण और सीखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों के बहुमुखी विकास पर जोर दिया और गतिविधियों के माध्यम से समझाया कि विद्यार्थियों में जीवन कौशल को कैसे आत्मसात किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को तकनीक सीखने और उन्हें अपने शिक्षण में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। मुख्याध्यापिका सीमा चौधरी ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और विशेष आवश्यकता वाले छात्रों की समस्याओं और उनसे निपटने के तरीके के बारे में बताया। इस कार्यशाला में तीन परियोजनाएं शामिल की गई। पीबीएल, औरोस्कॉलर और प्रोजेक्ट इंक्लूजन।

इस दौरान औरोस्कॉलर एप को 17 मॉड्यूल के साथ समझाया और अनेक जीवंत और ऊर्जावान गतिविधियां कराई गई। अंत में सभी पांचो केंद्रीय विद्यालयों के प्रत्येक प्रतिभागी ने कार्यशाला के बारे में अपनी राय दी और उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला की यह [illegible] प्रभावी और सूचनाप्रद थी।